# छत्तीसगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिये केंद्र द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना **के तहत 136 वर्ष पुराने ऐतिहासिक भिलाई रेलवे स्टेशन का** नवीनीकरण किया गया।

## मुख्य बिंदु

- **ऐतिहासिक भिलाई रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण:**
  - **दुर्ग ज़िले में 1888 में निर्मित** 136 वर्ष पुराने भिलाई रेलवे स्टेशन का **यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने** के लिये नवीनीकरण किया गया है।
  - स्टेशन पर अब **सफाई में सुधार, वातानुकूलित (AC) प्रतीक्षालय और** यात्रियों को वर्षा और धूप से बचाने के लिये नए प्लेटफार्मों पर ढके हुए शेड बनाए गए हैं।
  - अतिरिक्त सुविधाओं में विशाल अनुभव के लिये ऊँची छत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा टिकट खरीद और ट्रेन की जानकारी के लिये ई-एटीएम मशीनें शामिल हैं।
  - प्रवेश द्वारों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे **यात्रियों के लिये आसान पहुँच, बेहतर सौंदर्य और बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित हो सकें।**

## अमृत भारत स्टेशन योजना

- **परिचय:**
  - अमृत भारत स्टेशन योजना का लक्ष्य देश भर में 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास करना है।
  - पुनर्विकास से **आधुनिक यात्री सुविधाएँ उपलब्ध होंगी,** साथ ही सुव्यवस्थित यातायात संचलन, अंतर-मॉडल एकीकरण और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिये संकेत भी सुनिश्चित होंगे।
  - यह योजना **रेल मंत्रालय द्वारा फरवरी 2023 में शुरू की गई थी।**
- **स्टेशनवार योजनाएँ:**
  - स्टेशन भवनों का डिज़ाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।
    - उदाहरण के लिये, जयपुर रेलवे स्टेशन पर **राजस्थान के** हवा महल **और** आमेर किले **जैसी विशेषताएँ दिखाई देंगी।**
- **शहरी विकास के लिये एकीकृत दृष्टिकोण:**
  - पुनर्विकास की योजना **शहरी विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण के साथ बनाई गई है,** जिसमें स्टेशनों को **"सिटी सेंटर" के रूप में माना गया है।**
  - इस दृष्टिकोण का उद्देश्य **शहर के दोनों किनारों को एकीकृत करना तथा सुव्यवस्थित यातायात संचलन,** अंतर-मॉडल कनेक्टिविटी और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिये स्पष्ट संकेत बनाना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-railway-station-renovated